महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

**MAHATMA JYOTIBA PHULE RUHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY**

A Stat University-Gov. of Uttar Pradesh, NAAC A++ Accredited, ISO 9001:2015&ISO 14001:2015 Certified

पत्रांकः रू.वि.वि / नोडल / 2026 / 66 दिनांकः 23 / 07 / 2026

## छात्रवृत्ति सूचना

सेवा मे,

प्राचार्य / प्राचार्या (राजकीय / अशासकीय / स्वपोषित
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः–छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2026–27 के मास्टर डाटा की हार्ड कॉपी जमा करने के सम्बद्ध में।

महोदय / महोदया,

उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक संख्या 91 / 2026 / 1941 / 26–3–2026–1741061 दिनांक 20 जुलाई, 2026 केक्रम में वित्तीय वर्ष / शैक्षिक सत्र 2026–27, प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन की समय सारिणी के अनुसार, आपको अवगत कराना है कि महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से संबन्धित नवीन / पूर्व से संचालित महाविद्यालयों को सत्र 2026–27 हेतु छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूति का मास्टर डाटा डिजिटल लॉक करके उसकी हार्ड कॉपी नोडल अधिकारी कार्यालय विश्वविद्यालय, परिसर में श्री उमेश कुमार के पास **दिनांक 25 / 08 / 2026** शाम 4:00 बजे तक निम्नलिखित प्रपत्रो के साथ फाइल जमा कराने का कष्ट करें–

1. कवरिंग लेटर 2. डिजिटल लॉक Certificate कॉलेज प्रोफाइल सहित 3.सम्बद्धता पत्र 4. अनुमोदन पत्र (प्राचार्य / प्राचार्या) 5. आइस कोड(AISHE Certificate) 6. आधार कार्ड की छायाप्रति (प्राचार्य / प्राचार्या, नोडल अधिकारी) 7. पैन कार्ड की छायाप्रति(प्राचार्य / प्राचार्या, नोडल अधिकारी) 8. सत्र 2025–26 छात्रवृत्ति प्राप्त छात्र–छात्राए की सूची 9. निम्नलिखित प्रारूप।

नोटः–जिन संस्थाओं ने EWS कि सीट जोडकर भरी है वह EWS का Certificate 200kb में PDF बनाकर लाये।

| क्रम सं0 | महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम / विषय के नाम | स्वीकृत सीटों की संख्या | सम्बद्धता की स्थिति (स्थाई / अस्थाई | स्थाई / अस्थाई सत्र |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

अतः कृपया उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि एवं समय तक अपने महाविद्यालय का मास्टर डाटा संलग्नकों सहित जमा कराने का कष्ट करें। उक्तनिर्धारित तिथि के पश्चात मास्टर डाटा को अग्रसरित कर पाना संभव नही होगा। ऐसी स्थिति मे यदि महाविद्यालय के छात्र–छात्राएँ छात्रवृत्ति हेतु आवेदन भरने से वंचित रह जाते हैं तो उसका पूर्ण उत्तरदयित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

भवदीय

प्रो0 (विनय ऋषिवाल)
वि0वि0 नोडल अधिकारी
छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अवश्यक कार्यवाही हेतु

1. निदेशक, समाज कल्याण निदेशालय, लखनऊ
2. कुलसचिव, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड वि0वि बरेली।
3. निजि सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ हेतु।
4. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

प्रो0 (विनय ऋषिवाल)
वि0वि0नोडल अधिकारी
छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति